प्रेषक

जिला शिक्षा अधिकारी,
सिरसा।

प्रेषित

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं
समस्त खण्ड संसाधक समन्वयक,
जिला सिरसा।

क्रमांक स्टैनो-01-24/8856-70 दि० 9-2-24

**विषयः–जिले के सभी 07 PM Shri विद्यालयो को CBSE Affilication के लिए NOC बारे।**

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में लिखा जाता है कि DSE के पत्र कमांक KW 11/4-2023 ACD (4) दिनांक 12.04.2023 व हरियाणा स्कूल परियोजना परिषद पंचकुला के पत्र कमांक कमांक PM Shri/18043-66 दिनांक 21.11.2023 की अनुपालना में जिले के 07 PM Shri राजकीय विद्यालयो को CBSE Affilication के लिए आवेदन करना है। अतः निम्न वर्णित विद्यालयो को NOC जारी की जाती है।

| Sr No | Blcok | Name of PM Shri |
|---|---|---|
| 1 | Baragudha | PM Shri GSSS Baragudha |
| 2 | Dabwali | PM Shri GSSS Chautala |
| 3 | Ellenabad | PM Shri GSSS Bhuratwala |
| 4 | N. Chopta | PM Shri GSSS Ding |
| 5 | Odhan | PM Shri GSSS Odhan |
| 6 | Rania | PM Shri GSSS Kharia |
| 7 | Sirsa | PM Shri GSSS Madhosinghana |

आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

जिला शिक्षा अधिकारी,
सिरसा। 9/2

पृ० कमांक
दिनांक

इसकी एक प्रति जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सिरसा को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

जिला शिक्षा अधिकारी,
सिरसा। 9/2

GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

# Directorate School Education
# विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.. Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालय: शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्स 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में

राज्य के सभी,
1. जिला शिक्षा अधिकारी।
2. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।
3. प्रधानाचार्य, DIET
4. खण्ड शिक्षा अधिकारी।

यादी क्रमांक:– KW 11/4-2023 ACD (4)
दिनांक:– 12.04.2023

विषय:– **शैक्षणिक वर्ष 2023–24 से PM SHRI विद्यालयों के शुभारम्भ के सन्दर्भ में।**

*******

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उल्लेख है कि भारत सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक DN 1-9/2022 IS-19 दिनांक 28.03.2023 के अनुसार राज्य के 124 विद्यालयों को PM SHRI विद्यालय बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है **(सूची संलग्न पताका 'क')**। यह PM SHRI विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की अनुपालना में बनाये जा रहे हैं। ये विद्यालय जहां उत्कृष्टता के केन्द्र होंगे वहीं इनमें 21वीं सदी के कौशलों को भी प्रदान किया जाएगा। राज्य में इन चुने गये 124 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का PM SHRI विद्यालयों में रूपान्तरण राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों की भांति किया जाना है। ये सभी चयनित 124 विद्यालय पहले से ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं। सर्वप्रथम इन विद्यालयों का नामकरण होगा, नामांकन अभियान होगा ताकि अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम से CBSE बोर्ड से पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थी अपना नामांकन करवा सकें। इन विद्यालयों की चार वर्ष की विद्यालय विकास योजना बनेगी तदनुसार ढांचागत विस्तार किया जाएगा, CBSE से सम्बद्धता के लिए वांछित कार्यवाही की जाएगी तथा विशेष स्क्रीनिंग एवं प्रशिक्षण से विद्यालय मुखिया तथा अन्य अध्यापक लगाये जाएंगे। इन विद्यालयों में सभी संकायों (कला, विज्ञान तथा वाणिज्य) की व्यवस्था की जाएगी।

**PM SHRI विद्यालयों की विशेषतायें:–**

1. ये विद्यालय उत्कृष्टता के केन्द्र होंगे जहां पर बहुमुखी विकास पर बल दिया जाना है। इसमें पठन–पाठन गतिविधि आधारित एवं खोज आधारित होगा जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण बनाने पर बल दिया जाएगा।
2. इन विद्यालयों को समेकित विद्यालय बनाया जाना है ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को अवसर मिल सके।
3. प्रत्येक विद्यार्थी के गुणवत्ता संवर्धन पर ध्यान दिया जाएगा तथा 21वीं सदी के कौशल प्रदान किये जाएंगे।
4. खेल, कला, ICT की दक्षताओं के विकास की ढांचागत सुविधा होगी।
5. यह Green School होंगे जो Sustainable Model पर काम करेंगे।
6. प्रत्येक विद्यालय को कॉलेज/विश्व विद्यालय से जोड़ा जाएगा ताकि NEP-2020 की अनुपालना में समुचित कार्यवाही हो सके।
7. प्रत्येक विद्यालय को स्थानीय आन्त्रप्रन्योर इको सिस्टम से जोडा जाएगा।
8. प्रत्येक विद्यार्थी को नैतिक मूल्यों, राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यों तथा राष्ट्र निर्माण में भूमिका के लिए तैयार किया जाएगा।

**समय–सारणी एवं क्रियान्वयनः–** PM SHRI विद्यालयों की समय–सारणी का उल्लेख किया जाए तो वर्ष 2022–23 से आरम्भ कर 2026–27 तक इसे लागू किया जाना है। इसमें विद्यालयों का चयन, MoU आदि की कार्यवाही 2022–23 में कर ली गई है। अब चयनित विद्यालयों के रूपान्तरण/क्रियान्वयन का समय है जो इसी वर्ष से 124 विद्यालयों में आरम्भ किया जाना है।

1. **विद्यालयों का नामकरणः–** सर्वप्रथम विद्यालयों का नामकरण किया जाना है। इन्हें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से **"पी0 एम0 श्री0 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय"** किया जाना है ताकि स्कूल/SMC/अभिभावकों व नागरिकों को इस बदलाव की जानकारी मिल सके।
2. **नामांकन अभियानः–** इस समय विद्यालयों में दाखिला अभियान चलाया जा रहा है। इन विद्यालयों में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों की भांति **हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों माध्यमों** में शिक्षा प्रदान की जाएगी। इनमें तीनों संकाय (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) उपलब्ध होंगे तथा ये विद्यालय CBSE बोर्ड से सम्बद्धित होंगे। अतः तदनुसार ही नामांकन किया जाए।
3. **विद्यालय विकास योजना का निर्माणः–** इन विद्यालयों मे विभिन्न ढांचागत आवश्यकताओं के आंकलन के लिए विद्यालय विकास योजना (School Development Plan) बनाई जानी है। विद्यालय तथा SMC को इस बारे निर्देश तथा मार्गदर्शन प्रदान कर दिया जाए। CRC/ BRC की सहायता से चार वर्ष का SDP (School Development Plan) बनाने का कार्य आरम्भ कर दिया जाए।
4. **संकायों की स्वीकृतिः–** ऐसे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहां पर तीनों संकाय नहीं हैं वहा पर तुरन्त स्वीकृति प्रदान करके पद स्वीकृत किये जा रहे हैं।

आपसे आग्रह किया जाता है कि अपने क्षेत्राधिकार के विद्यालयों में निम्नानुसार कार्यवाही तुरन्त प्रभाव से करने हेतु सम्बन्धित विद्यालय मुखियाओं को निर्देशित करें ताकि इसके उपरान्त इन विद्यालयों के उदघाटन की आगामी कार्यवाही की जा सके तथा इसी शैक्षणिक वर्ष 2023–24 से विद्यार्थी इन विद्यालयों में अपना नामांकन करवा सकें।

उपरोक्त अनुसार अनुपालना सुनिश्चित करें।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक समः **दिनांक, पंचकूला 12.04.2023**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सचिव/प्रधान सचिव, माननीय मुख्यमन्त्री हरियाणा, चण्डीगढ।
2. वरिष्ठ सचिव/माननीय शिक्षा मन्त्री, हरियाणा, चण्डीगढ।
3. वरिष्ठ सचिव, माननीय प्रधान सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ।
4. निजी सहायक, माननीय निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
5. निजी सहायक, माननीय निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

# HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD

(Regd. Under Societies Registration Act, 1860)
Shiksha Sadan, 3rd & 4th Floor, Sector-5, Panchkula-134109
Tel. 0172 2586035 | | Website: www.hsspp.in


3481

Ref: PM SHRI/ - 18043-66 **Dated:** 21/11/2023

Diary No. 
Date 21.11.23
O/o DPC, Samagra Shiksha,
Sirsa.

To

The District Project Coordinators,
In Haryana

APC I
sent to DPC

**Subject: Regarding CBSE affiliation for PM SHRI schools.**

In reference to the subject cited above, it has been informed earlier that all PM SHRI schools will be affiliated with CBSE from next session onwards. Thus, all PM SHRI schools are directed to start the process for CBSE affiliation of these schools.

All PM SHRI schools will get all the formalities required for CBSE affiliation done. The suggestive format for essential documents required for CBSE affiliation are attached herewith. You are requested to direct all concerned PM SHRI school Principals to take necessary action accordingly. The PM SHRI schools may also consult the nearby Model Sanskriti Schools which are already affiliated to CBSE.

The expenditure for fulfilling the guidelines of CBSE will be taken from Fire Safety Grant sent for PM SHRI Schools. If still, budget is needed funds may be taken from School Grant sent under PM SHRI Scheme.

21.11.2023

**Consultant (Planning),**
**For State Project Director,**
**HSSPP, Panchkula**

**Encl: As above.**

CC: A copy of the above is forwarded to the following for inforamtion and further necessary action.

1. All District Nodal Officers of PM SHRI.
2. All Principals of PM SHRI Schools.

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

Website - www.bseh.org.in
E-mail ID- ascond@bseh.org.in

| | |
|---|---|
| प्रेषकः–<br>सचिव,<br>हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,<br>भिवानी–127021 | सेवा में,<br>सभी जिला शिक्षा अधिकारी। |

क्रमांकः 2236 / संचालन ई–मेल दिनांकः 04/05/23

विषयः–PM-Shri Scheme में शामिल हुए विद्यालयों की सूची उपलब्ध करवाने बारे।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आप से अनुरोध है कि आपके जिले में स्थित जिन सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी राजकीय विद्यालयों को PM-Shri विद्यालयों में तबदील किया गया है की सूची पूर्ण पता, बोर्ड स्कूल कोड सहित इस कार्यालय की ई–मेल ascond@bseh.org.in पर शीघ्र भिजवाने का कष्ट करें।

भवदीय,

सहायक सचिव (संचालन)
कृतेः सचिव

| S. No. | District | School Name | Udise Code | School category | Revenue/CD Block |
|---|---|---|---|---|---|
| 97 | PANIPAT | GSSS PAHWATI | 06070404001 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | SAMALKHA |
| 98 | PANIPAT | GSSS CHHAJPUR KALAN | 06070700203 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | SANAULI KHURD |
| 99 | REWARI | GSSS BAWAL | 06170101205 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | Bawal_Municipality |
| 100 | REWARI | GSSS KAPRIWAS | 06170506605 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | DHARUHERA |
| 101 | REWARI | GSSS PALHAWAS | 06170205403 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | JATUSANA |
| 102 | REWARI | GSSS KHORI | 06170303403 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | KHOL AT REWARI |
| 103 | REWARI | GGSSS REWARI | 06170510809 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | Rewari_Notified Area Council |
| 104 | ROHTAK | GSSS TITOLI | 06140201302 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | LAKHAN MAJRA |
| 105 | ROHTAK | GGSSS MEHAM | 06140301801 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | Meham_Municipality |
| 106 | ROHTAK | GGSSS MODEL TOWN, ROHTAK | 06140404001 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | Rohtak_Municipal Corporations |
| 107 | ROHTAK | GGSSS SAMPLA | 06140502302 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | Sampla_Municipality |
| 108 | SIRSA | GSSS BARAGUDHA | 06110100204 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | BARAGUDHA |
| 109 | SIRSA | GSSS CHAUTALA | 06110201003 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | DABWALI |
| 110 | SIRSA | GSSS BHURATWALA | 06110300502 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | ELLENABAD |
| 111 | SIRSA | GSSS DING | 06110401404 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | NATHUSARI CHOPTA |
| 112 | SIRSA | GSSS ODHAN | 06110502504 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | ODHAN |
| 113 | SIRSA | GSSS KHARIA | 06110603104 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | RANIA |
| 114 | SIRSA | GSSS MADHOSINGHANA | 06110703003 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | SIRSA |
| 115 | SONIPAT | GSSS KHARKHODA | 06080401803 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | Kharkhoda_Municipality |
| 116 | SONIPAT | GSSS A.P. BAROTA | 06080200102 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | RAI |
| 117 | SONIPAT | GGSSS SONEPAT | 06080107334 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | Sonipat_Municipal Corporations |
| 118 | YAMUNANAGAR | GSSS MUSSIMBAL | 06030109301 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | BILASPUR |
| 119 | YAMUNANAGAR | GSSS LEDI | 06030413601 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | CHHACHHRAULI |
| 120 | YAMUNANAGAR | GSSS MANDOLI | 06030305802 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | JAGADHRI |
| 121 | YAMUNANAGAR | GSSS JAIDHAR | 06030413701 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | PARTAP NAGAR |
| 122 | YAMUNANAGAR | GSSS JATHLANA | 06030206101 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | RADAUR |
| 123 | YAMUNANAGAR | GSSS SARAWAN | 06030600504 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | SADAURA (PART) |
| 124 | YAMUNANAGAR | GSSS KALAWAR | 06030500502 | 5 - Up. Pr. Secondary and Higher Sec | SARASWATI NAGAR |